# पेज थ्री देहरादून

सरकार पर आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय।



# हमारा दून




## संक्षिप्त समाचार

### सरकार सही तरीके से जांच बिठा दें: शर्मा

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा है कि कैंट विधानसभा के अंतर्गत कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण मजदूरों का जो रजिस्ट्रेशन कराया गया है वह वहां के सत्तारूढ़ विधायक हरबंस कपूर ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए फर्जी मजदूरों के नाम पर रजिस्ट्रेशन कराए हैं। अगर इसमें सरकार सही तरीके से जांच बिठा दें तो वहां कई लोगों के फर्जी रजिस्ट्रेशन मिल जाएंग जिनका की निर्माण श्रमिक होने का दूर–दूर तक प्रमाण नहीं मिल पाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अगर इस क्षेत्र में जांच नहीं करवाई गई तो इसके लिए कांग्रेस को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### कर्मियों की रुके हुये वेतन व बहाली अविलम्ब की जाय

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा सविंदा पर ड्राइवर और परिचालक पदों पर सेवा दे रहे स्थानीय लोगो को बिना कारण बताये बाहर निकाल दिया था। अब परिवहन निगम ने उनकी बहाली कर दी है। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि पूर्व में परिवहन निगम के इस निर्णय के खिलाफ सभी सविंदा कर्मी उच्च न्यायालय के शरण मे गये। उच्च यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया था कि कर्मियों की रुके हुये वेतन व बहाली अविलम्ब की जाय, लेकिन निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन उच्च न्यायालय के आदेश को मानने को तैयार नही हुये, और स्पष्ट कहा कि हम यानि निगम उच्चतम न्यायालय जायेगें।

### दून में माता की प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ दुर्गा महोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस के तत्वावधान में जौलीग्रांट से भानियावाला क्षेत्र में कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से बचाव के सम्बंध में आम जन समुदाय को जागरूक करने हेतु फ्लैग मार्च, मार्च विद मास्क किया गया। एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इस प्रकार के फ्लैग मार्च किये जा रहे है।

### जागरूक नागरिक के तौर पर संसदीय प्रणाली का ज्ञान होना अति आवश्यक

**संवाददाता** देहरादून। गैरसेंण के पार्वती इन होटल के सभागार में युवा आह्वान संस्था द्वारा आयोजित चार दिवसीय युवा विस का समापन विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से किया। उन्होंने प्रदेश भर से आये हुए सभी 70 युवा विधायकों को बताया कि एक जागरूक नागरिक के तौर पर संसदीय प्रणाली का ज्ञान होना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई भी दी।

# कोविड के बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में डेडीकेटेड अस्पताल हैं: सीएम

**बैठक**

■ त्योहार में राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के लिए प्रचार प्रसार पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

**संवाददाता**





देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा कोविड–19 के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ली गयी बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को प्रदेश सरकार द्वारा कोविड 19 के दृष्टिगत किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि त्योहार के सीजन को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के लिए प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान दिये जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड के बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में डेडीकेटेड अस्पताल हैं। इसके साथ ही अस्पताल में वेंटीलेटर, आईसीयू बेड एवं ऑक्सीजन सप्लाई भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सैंपल टेस्टिंग की 10 लैब कार्यरत है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने बताया कि बिना मास्क के लिए एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने के लिए लगातार चालान भी काटे जा रहे हैं। इसके साथ ही, जिनका मास्क न पहनने पर चालान काटा जा रहा है, उन्हें मास्क भी उपलब्ध कराये जा रहे ताकि लोग मास्क के प्रति जागरूक हो सकें। इस संबंध में जन जागरूकता के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारी सीजन के चलते राज्य में काफी लोग दिल्ली व अन्य प्रदेशों से वापस आ रहे हैं, इससे कोविड के संक्रमण का खतरा भी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक हो सकें इसके लिए ग्राम स्तर तक कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग एवं जागरूकता पर कार्य किया जा रहा है। सर्दी बढ़ने एवं त्योहारी सीजन के कारण कोविड–19 के संक्रमण के खतरे को देखते ही प्रदेश सरकार द्वारा संक्रमण की रोकथाम के लिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि उत्तराखण्ड ने कोविड–19 के संक्रमण पर काफी हद तक कंट्रोल किया है। परन्तु सर्दी बढ़ने एवं त्योहारी सीजन को देखते हुए अभी लापरवाही की गुंजाईश नहीं है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग एवं टेस्टिंग के साथ ही जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर सचिव अमित नेगी एवं डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय भी उपस्थित थे।

## प्रदेश में हो रही ऋण वसूली को सरकार करे स्थगित

**संवाददाता** देहरादून। वनाधिकार मुहिम के प्रणेता व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा है कि वर्तमान समय में कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल के चलते हुए प्रदेश में अमीन व पटवारी ऋण की वसूली करने में लगे हुए है और जिससे लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को तत्काल इस वसूली पर रोक लगाई जाये और इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि बिजली व पानी के बिलों को भी शीघ्र माफ किया जाये लेकिन अभी तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि वनाधिकार आंदोलन का एक दल गढ़वाल भ्रमण पर गया और जहां पर उन्होंने लोगों की इस प्रकार की परेशानियां देखी। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी से लोग परेशान है और वहीं दूसरी ओर ऋणों की वसूली की जा रही है और लोगों का रोजगार छिन गया है और वह बेरोजगार हो गये है और ऐसी स्थिति में जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती है तब तक किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जानी चाहिए।

# वेतन न मिलने पर शिक्षकों ने किया कार्य बहिष्कार

**धरना**

■ विद्यालयो मे धरना प्रदर्शन करने के साथ ही एक दिन का कार्य बहिष्कार किया



देहरादून। **संवाददाता**

दून के समस्त अशासकीय विदायलयो में शिक्षकों द्वारा त्योहारी सीजन में दो माह से वेतन न मिलने के कारण ऊत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद देहरादून के आह्वान पर अपने अपने विद्यालयो मे धरना प्रदर्शन करने के साथ ही एक दिन का कार्य बहिष्कार किया गया। शिक्षा निदेशालय व मयूर विहार स्थित मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के बाहर भी शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया।

इस अवसर पर श्री गुरुनानक पब्लिक बालक इंटर कॉलेज चुकखुवाला देहरादून इकाई के अध्यक्ष विनोद पांडेय व इकाई मंत्री सुरेंद्र कुमार सहगल के नेतृत्व में प्रधानाचार्य कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया व एक दिन का पूर्ण कार्य बहिष्कार किया गया और वेतन शीघ्र दिलाये जाने की मांग की गई।

इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण सभी शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है और प्रधानाचार्य के माध्यम से सरकार से मांग की गयी कि दीपावली जैसे बड़े त्योहार को देखते हुए जल्द वेतन निर्गत किया जाए, और वेतन नियमित किया जाए। इस अवसर पर आंदोलन को तेज किये जाने की चेतावनी दी गई।

इस अवसर पर धरने में उपाध्यक्ष रवजीत कौर, प्रवक्ता सरदार अमरीक सिंह, कामना डिमरी, गीता नेगी, राजकिशोर, हरप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, डॉक्टर वंदना खंडूड़ी, राजेश सिंह सोलंकी, कल्पना बंसल, मंजू सेमवाल, डॉक्टर नम्रता श्रीवास्तव, राखी बिष्ट, नीलम आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर राजधानी के अनेक अशासकीय विद्यालयों में धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार किया गया और शिक्षकों ने शिक्षा निदेशालय व मयूर विहार स्थित मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के बाहर वेतन दिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया।

## दून स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को नर्क बनाने को कार्यदायी संस्था व सीईओ जिम्मेदार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि देहरादून स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को नर्क बनाने के लिये कार्यदायी संस्था व सीईओ पूरी तरह से जिम्मेदार है और इससे लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके विरोध में 13 नवम्बर को घंटाघर स्थित पर्वतीय गांधी स्वर्गीय इन्द्रमणि बडोनी की प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि देहरादून शहर में स्मार्ट सिटी के नाम पर जगह जगह खुदाई करके शहरवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि यही नही सड़को की खुदाई और गड्ढों के कारण दुर्घटना से दो मौन्ते हो चुकी है। जिसके लिये कार्यदायी संस्था व मुखिया सीईओ देहरादून जिलाधकारी जिम्मेदार है।


In a Digital World Why

To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News

Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।